कोरोनावायरस बिमारी (कोविड-19)

कोरोनावाइरस बिमारी (कोविड-19) कोरोनावाइरस के कारण होने वाली एक बिमारी है। कोविड-19 ब्रिटिश कोलंबिया सहित दुनिया भर में फैल गया है, और इसे एक वैश्विक महामारी घोषित किया गया है।

बीसी की कोविड-19 टीकाकरण योजना

बीसी की चार चरण की कोविड-19 टीकाकरण योजना चल रही है, जिसमें कमजोर सदस्यों को पहले प्रतिरक्षित किया जा रहा है। वैक्सीन की अनुमोदन प्रक्रिया, और वैक्सीन वितरण के लिए बीसी की योजना जैसे विषयों सहित, कोविड-19 वैक्सीनों के बारे में अधिक जानने के लिए, कोविड-19 टीकाकरण देखें।

गैर-स्वास्थ्य संबंधी कोविड-19 जानकारी और सेवाओं के लिए, 1-888-COVID-19 (1-888-268-4319) पर कॉल करें। सेवा सुबह 7:30 से रात 8 बजे तक उपलब्ध है।

कोविड-19 के बारे में आम सवाल

कोविड-19 के बारे में सब से आम प्रश्नों में से कुछ के जबाव देखें। जानें के यह कैसे फैलता है, संपर्क के बाद लक्षणों को प्रकट होने में कितना समय लगता है और कौन से लक्षणों के लिए सावधान रहना चाहिए। पता करें कि कोविड-19 की रोकथाम के लिए आप क्या कर सकते हैं।

सार्वजनिक संपर्क

हमारे समुदायों में सामाजिक मेल-जोलों में वृद्धि के साथ, आप सार्वजनिक एक्सपोज़रों के बारे में चिंतित हो सकते हैं, बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज कंट्रोल: कोविड-19 सार्वजनिक एक्सपोज़र देखें।

अपनी स्थानीय हेल्थ अथॉरिटी से सामुदायिक एक्सपोज़रों के बारे में जानकारी के लिए, पब्लिक हेल्थ अलर्ट पृष्ठ में आपके क्षेत्र में क्या है देखें।

जैसा कि हमारे समुदायों में सामाजिक परस्पर क्रियाएँ जारी है, आप सुरक्षित रूप से मेल-जोल के बारे में भी चिंतित हो सकते हैं। कोविड-19 के जोखिम को कम करने के लिए सुरक्षित मेल-जोल के बारे में अधिक जानने के लिए, देखें:

- बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: समारोह नियोजन
- बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: सुरक्षित सामाजिक मेल-जोल
- बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: समुदायक सेटिंगज़

परिक्षण

जुकाम, इन्फ्लूएंजा या कोविड जैसे लक्षणों, यहां तक कि हल्के लक्षण भी, वाले किसी भी व्यक्ति के लिए कोविड-19 के परीक्षण की सिफारिश की जाती है। यदि आपको लक्षण नहीं हैं, तो परीक्षण की आवश्यकता नहीं है। आपको रेफरल की या **8-1-1** को फोन करने की आवश्यकता नहीं है। परीक्षण और आप कहां परीक्षण करवा सकते हैं के बारे में और जानें।

स्व-अलगाव और कोविड-19

स्व-अलगाव का मतलब है घर में रहना और उन परिस्थितियों से बचना, जहाँ आप दूसरों के संपर्क में आ सकते हैं। यह बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए एक महत्वपूर्ण उपाय है। ऐसे कई कारण हैं जिनकी वजह से आपको स्व-अलगाव करना चाहिए या करने की ज़रूरत हो सकती है। स्व-अलगाव के बारे में अधिक जानकारी के लिए देखें:

- बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल :आत्म अलहदगी।
- कैनेडा सरकार :कोरोनावायरस बिमारी) कोविड-19 :(रोकथाम और जोखिम

स्व-निगरानी

स्व-निगरानी का अर्थ है कि आप इस बात पर ध्यान देना कि आप कैसा महसूस करते हैं। अपना तापमान रिकॉर्ड करें और किसी भी कोविड जैसे लक्षणों के लिए ध्यान रखें। आपको बच्चों या उन करीबी संपर्कों की मदद करने की ज़रूरत हो सकती है जो वृद्ध हैं या कालानुक्रमिक रूप से बीमार हैं और स्व-निगरानी कर रहे हैं। यह जानने के लिए कि किन लक्षणों के लिए ध्यान रखना है, देखें:

- कोविड-19 के लक्षण
- बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: लक्षण

स्व-निगरानी के बारे में अधिक जानने के लिए, बीसी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल: कोविड-19 के लिए दैनिक स्व-निगरानी प्रपत्र (PDF, 257KB) देखें ।

लक्षण

कोविड-19 लक्षणों के बारे में जानने के लिए, यदि आप बीमार महसूस कर रहे हैं, तो क्या करें और जटिलताओं के लिए उच्च जोखिम में कौन हो सकता है, कोविड-19 के लक्षण देखें।

अपने संक्रमण के जोखिम को घटाएँ

अपने संक्रमण के जोखिम को कैसे घटाना है के बारे में और जानें।

संचरण को कम रखना

शारीरिक दूरी

आप अपनी और दूसरों की सुरक्षा कैसे कर सकते हैं, के बारे में अधिक जानने के लिए, बीसी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल: शारीरिक दूरी देखें।

मास्क

मास्क एक बाधा के रूप में कार्य करते हैं और जब आप बात करते हैं, हंसते, गाते, खांसते या छींकते हैं तो बूंदों को फैलने से रोकने में मदद करते हैं। उपरोक्त निवारक उपायों के संयोजन में मास्क का उपयोग आपके आसपास के लोगों की सुरक्षा में मदद कर सकता है।

मास्क पहनने और मास्क के प्रकारों के बारे में अधिक जानने के लिए, बीसी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल: मास्क देखें।

यात्रा और कोविड-19

नवीनतम यात्रा सलाह जानकारी के लिए देखें:

- ब्रिटिश कोलंबिया सरकार: यात्रा और कोविड-19
- कैनेडा सरकार: महामारी कोविड-19 सभी देश: कैनेडा के बाहर गैर-जरूरी यात्रा से परहेज़ करें

इलाज

कोविड-19 के लिए कुछ विशिष्ट उपचार उपलब्ध हैं, जिसमें वैक्सीन भी शामिल है जिसे कनाडा में उपयोग के लिए अनुमोदित किया गया है। अधिक जानकारी के लिए, बीसी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल :उपचार देखें।

कोविड-19 वाले अधिकांश लोग अपने आप ठीक हो जाएंगे। कोविड-19 का पता चलने पर अपने लक्षणों को कैसे प्रबंधित करना है के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया बीसी सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल :यदि आपको कोविड-19 है पृष्ठ देखें।

कोविड-19 महामारी के दौरान डॉक्टर और नर्स प्रैक्टीशनर इन-पर्सन देखभाल प्रदान करने के लिए उपलब्ध हैं। कुछ कार्यालय टेलीफोन और वीडियो अपौइंटमैंटों की भी पेशकश कर सकते हैं। यदि आपको देखभाल की जरूरत है, तो कृपया स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से संपर्क करें। यदि आपके पास नियमित स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता नहीं है, तो आप हेल्थलिंकबीसी डायरैक्टरी का उपयोग कर सकते हैं
या अपने समुदाय में स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता खोजने के लिए **8-1-1** पर कॉल कर सकते हैं।

स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से मुलाकात के दौरान, कृपया उनको बताएँ

- आपके लक्षण
- आप कहाँ यात्रा कर रहे थे या रह रहे थे
- एक बीमार व्यक्ति से आपका करीबी या लंबे समय तक संपर्क हुआ है, खास तौर पर यदि उनको बुखार, खांसी या सांस लेने में मुश्किल थी

लक्षण होने पर आप क्या कर सकते हैं, इस बारे में अधिक जानकारी के लिए कोविड-19 के लक्षण देखें

मानसिक स्वास्थ्य

कोविड-19 महामारी से उलझन, उदासी और चिंता की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं जिनका प्रबंधन करना कठिन है। अनिश्चितता का सामना करने पर ये सामान्य भावनाएं हैं। अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना और खुद पर अपने प्रति दयालु होना पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। मानसिक स्वास्थ्य और कोविड-19 के बारे में अधिक जानें:

- मानसिक स्वास्थ्य और कोविड-19
- बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: कोविड-19 के दौरान मानसिक तंदुरुस्ती
- कैनेडा सरकार: अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल (PDF 371KB)

।

बच्चे, युवा और परिवार

महामारी के दौरान पालन-पोषण चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यदि आप गर्भवती हैं या स्तनपान करा रही हैं, तो आपके अपने स्वास्थ्य और अपने बच्चे के स्वास्थ्य के बारे में प्रश्न हो सकते हैं। आपके बच्चों के घर में रहने के दौरान आपको पालन-पोषण के बारे में अतिरिक्त चिंताएँ हो सकती हैं। कोविड-19 के दौरान बच्चों, युवाओं और परिवारों के बारे में और जानें।

दवाएं

जैसे-जैसे कोविड-19 महामारी आगे बढ़ती है, फार्मासिस्ट द्वारा दवाएं उपलब्ध कराने के तरीकों में बदलाव किए गए हैं। इसमें डॉक्टर की प्रिसक्रिप्शन दवाओं की रिफिल और एमरजैंसी सप्लाईयाँ प्रदान करना शामिल है। फार्मासिस्ट बिना प्रिस्क्रिप्शन के नई दवाएं नहीं दे सकते हैं। फार्मेसी सेवाओं में परिवर्तन के बारे में अधिक जानने के लिए, कॉलेज ऑफ फार्मासिस्टस ऑफ ब्रिटिश कोलंबिया: नोवेल कोरोनावायरस (कोविड-19) पर जाएं।

उपयोगी संसाधन

कोविड-19 और महामारी के बारे में प्रांत की प्रतिक्रिया के बारे में बहुत सारी जानकारी है। विश्वसनीय स्रोतों की एक सूची के लिए, जिनका उपयोग हम हैल्थलिंकबीसी **8-1-1** पर ब्रिटिश कोलंबियाई लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सलाह प्रदान करने के लिए करते हैं, कोविड-19 के लिए उपयोगी संसाधन देखें।

अन्य भाषाओं में कोविड-19 की जानकारी के लिए, बीसी सेंटर फॉर डिज़ीज़ कंट्रोल: अनुवादित सामग्री पृष्ठ देखें। अमेरिकी सांकेतिक भाषा के वीडियो भी उपलब्ध हैं।

यदि आपकी अपनी सेहत के बारे में चिंताएँ या प्रश्न हैं, तो हेल्थलिंकबीसी, (**8-1-1**) से किसी भी समय संपर्क करें या अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।

आखरी बार अपडेट किया गया: 08 जुलाई, 2021

कोरोनावायरस बीमारी (कोविड-19) हेल्थ फीचर में दी गई जानकारी बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: टैस्टिंग, बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: लक्षण, बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: मास्क , बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: यात्रा, बीसी सैंटर फॉर डिज़ीज़ कन्ट्रोल: कोविड-19 वैक्सीन, कैनेडा सरकार: यात्रा, परीक्षण, क्वारंटीन, और सीमाएं और कैनेडा सरकार: कोविड-19 कैनेडा में प्रवेश करने वाले वैक्सीनेटिड यात्री पृष्ठ से ली गई है, जिस तक 06 जुलाई, 2021 को पहुंचा गया था।